बस जो आप वास्तव में करना चाहते हैं, उसे करने की कोशिश करना न छोड़ें। जहाँ प्यार और प्रेरणा है, मुझे नहीं लगता कि आप गलत हो सकते हैं।

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

# जन जन जागरण

जनहित का सजग प्रहरी




Web Site: www.janjanjagran.com  भोपाल और झांसी से एक साथ प्रकाशित  भोपाल, मंगलवार 10 फरवरी 2026  वर्ष-35 अंक-173 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए 

## ब्रीफ न्यूज

### बीएमएस के 21वें राष्ट्रीय अधिवेशन में एस. मल्लेशम राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए

**भुवनेश्वर।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने ओडिशा के पुरी में आयोजित तीन दिवसीय त्रैवार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान 2026ङ्क2029 कार्यकाल के लिए नए राष्ट्रीय पदाधिकारियों का चुनाव किया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से हजारों प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भारतीय मजदूर संघ द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, तेलंगाना से एस. मल्लेशम को संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है, जबकि छत्तीसगढ़ से सुरेंद्र कुमार पांडे को महासचिव बनाया गया है।

### कांग्रेस ने सत्तापक्ष पर विपक्ष की आवाज दबाने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के संगठन महासचिव एवं लोकसभा के सदस्य केसी वेणुगोपाल ने सोमवार को सत्तापक्ष पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सदन में बोलने नहीं देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि संसदीय नियमों के अनुसार नेता प्रतिपक्ष %छाया प्रधानमंत्री% होते हैं, लेकिन यहां उन्हें बोलने का अवसर नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने सत्तापक्ष पर विपक्ष की आवाज को दबाने का आरोप लगाया।वेणुगोपाल ने संसद भवन परिसर स्थित कार्यालय में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में इंडी गठबंधन के नेताओं की बैठक के बाद यह बात कही। वेणुगोपाल ने पत्रकारों से कहा कि अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर विपक्ष चर्चा करना चाहता था, लेकिन उसे भी अनुमति नहीं दी गई। सरकार संसद को केवल अपने लिए सुरक्षित रखना चाहती है।

### एनसीपी प्रमुख शरद पवार की तबीयत बिगड़ी, पुणे के अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार (85) की सोमवार दोपहर में सीने में अचानक जकडन् होने की वजह से अचानक तबीयत बिगड़। पवार को पुणे के रुबी हॉल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। शरद पवार को गले से जुड़ी समस्या और खांसी की भी शिकायत है। शरद पवर के भतीजे श्रीनिवास पवार ने बताया कि शरद पवार को कल रात से लगातार खांसी हो रही थी और उन्हें सीने में जकडन् लग रही थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने के लिए पुणे स्थित रुबी हॉल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### आईआईटी खड़गपुर के प्रो. अभिजीत मुखर्जी को मिली अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी

**खड़गपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. अभिजीत मुखर्जी को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित संगठन 'द ग्राउंडवॉटर प्रोजेक्ट (जीडब्लू-प्रोजेक्ट)' के निदेशक मंडल में शामिल किया गया है। यह नियुक्ति जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। 'द ग्राउंडवॉटर प्रोजेक्ट' विश्व के सबसे बड़े गैर-लाभकारी संगठनों में से एक है, जो वैश्विक स्तर पर भूजल के प्रति जागरूकता बढ़ाने और वैज्ञानिक ज्ञान के प्रसार के लिए कार्य करता है। यह संगठन स्टॉकहोम वॉटर प्राइज से सम्मानित प्रो. जॉन चेरी के नेतृत्व में संचालित होता है और 70 से अधिक देशों के एक हजार से ज्यादा स्वयंसेवकों का सहयोग प्राप्त है। संगठन की वैज्ञानिक सामग्री 59 भाषाओं में उपलब्ध है।

### सायरंग- सिलचर नई ट्रेन सेवा को रेल मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

**गुवाहाटी।** रेल, सूचना और प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए असम और मिजोरम को जोड़ने वाली सायरंग-सिलचर के बीच एक नई यात्री ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं दूसरी ओर, गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर नई पैसेंजर सुविधाओं का उद्घाटन किया। यह पहल अंतर-राज्यीय कनेक्टिविटी को एक महत्वपूर्ण बढ़ावा देगी, साथ ही यात्रियों के लिए आराम, सुविधा और देखभाल को भी बढ़ाएगी। ज्ञात हो कि, सायरंग रेलवे स्टेशन पर होने वाले इस कार्यक्रम में मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा भी मौजूद रहे।

# अनुशासन के बिना प्रेरणा बोझ बन जाती है: परीक्षा पे चर्चा में प्रधानमंत्री मोदी का छात्रों को संदेश

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को देशभर के छात्रों से संवाद करते हुए पढ़ाई, जीवन और भविष्य की सफलता से जुड़ा सबसे महत्वपूर्ण और प्रासंगिक मंत्र दिया- अनुशासन के बिना प्रेरणा अधूरी है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि केवल मोटिवेशन से लक्ष्य हासिल नहीं होते, बल्कि निरंतर अभ्यास, नियमित दिनचर्या और आत्म-अनुशासन ही किसी भी सपने को साकार करते हैं।

प्रधानमंत्री ने 'परीक्षा पे चर्चा' के नौवें संस्करण के दूसरे एवं अंतिम एपिसोड में कोयंबटूर (तमिलनाडु), रायपुर (छत्तीसगढ़), गुजरात और गुवाहाटी (असम) के छात्रों से संवाद किया। इस दौरान प्रधानमंत्री और छात्रों के बीच हुए संवाद में स्टार्टअप, विकसित भारत 2047, परीक्षा के तनाव, यात्रा, खेल, पढ़ाई और नेतृत्व जैसे विषयों पर अहम सवाल उठे। प्रधानमंत्री ने सरल उदाहरणों और व्यावहारिक सुझावों के जरिए छात्रों को न केवल परीक्षा, बल्कि जीवन के लिए भी दिशा दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज के समय में छात्र तनाव, तुलना और असफलता के भय से घिरे रहते हैं, लेकिन यदि वे स्वयं पर विश्वास रखते हुए अनुशासित जीवन अपनाएं, तो हर चुनौती अवसर में बदल सकती है। उन्होंने छात्रों को समझाया कि परीक्षा कोई बोझ नहीं, बल्कि स्वयं को परखने और बेहतर बनने का अवसर



है। इसी सोच के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' का उद्देश्य डर हटाकर आत्मविश्वास जगाना है।

प्रेरणा बनाम अनुशासन पर छात्रों के सवाल का उत्तर देते हुए प्रधानमंत्री ने एक उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि यदि कोई किसान अपने पड़ोसी की अच्छी फसल देखकर प्रेरित तो हो जाए, लेकिन समय पर खेत की तैयारी न करे, तो बारिश आने के बाद भी उसे अच्छा परिणाम नहीं मिलेगा। इसी तरह, प्रेरणा तभी काम आती है जब उसके साथ अनुशासन जुड़ा हो। उन्होंने कहा कि अनुशासन आधार है और प्रेरणा उसे सजाने का काम करती है। मोदी ने कहा, जीवन में डिसिप्लिन बहुत अनिवार्य है, इंस्पिरेशन में सोने में सुहागा का काम करता है। अगर डिसिप्लिन नहीं है, कितना ही इंस्पिरेशन क्यों ना हो, वो फिर बोझ बन जाता है, निराशा पैदा करता है।

रिवीजन और परीक्षा तनाव पर प्रधानमंत्री ने छात्रों को सलाह दी कि वे पढ़ाई को आखिरी समय पर टालने की बजाय प्रतिदिन थोड़ा-थोड़ा अभ्यास करें। लिखने की आदत, प्रश्न हल करने का अभ्यास और समय का सही प्रबंधन तनाव को स्वत: कम कर देता है। साथ ही छात्रों को अपनी तैयारी पर भरोसा रखना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि जो छात्र पढ़ाई में कमजोर हों, उन्हें पढ़ाने से अपनी समझ और मजबूत होती है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि छात्रों को दूसरों से तुलना करने के बजाय स्वयं से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर दिन खुद से सवाल करें—क्या आज मैं कल से बेहतर बना? यही सोच निरंतर प्रगति का रास्ता खोलती है।

आत्मविश्वास पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि 'आत्मा' और 'विश्वास' से ही सच्ची शक्ति पैदा होती है। जो खुद पर भरोसा करता है, वह असफलता से डरता नहीं, बल्कि उससे सीखता है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद और सचिन तेंदुलकर के उदाहरण देकर बताया कि महान लोग भी असफल होते हैं, लेकिन आत्मविश्वास नहीं खोते।

## परीक्षा की तैयारी मेहनत से करें, तनाव लेकर नहीं: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

### सुभाष स्कूल में विद्यार्थियों से संवाद, कहा- डरकर नहीं, डटकर आगे बढ़ें; आत्मविश्वास, अनुशासन और समय प्रबंधन को बताया सफलता की कुंजी



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा की तैयारी पूरी मेहनत और लगन से करें, लेकिन तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। उन्होंने कहा कि परीक्षा जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं, बल्कि एक पड़ाव मात्र है। इसलिए विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ तैयारी करें और बिना डर के आगे बढ़ें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को शासकीय सुभाष उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित परीक्षा पर संवाद - 2026 कार्यक्रम में विद्यार्थियों से रूबरू होकर उन्हें मार्गदर्शन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं और आगे चलकर देश की जिम्मेदारी इन्हीं के कंधों पर होगी। इसलिए विद्यार्थियों को अपने कौशल, ज्ञान और प्रदर्शन में निरंतर सुधार करते हुए खुद को निखारना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा के समय आत्मविश्वास, अनुशासन और संतुलित दिनचर्या सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। मेहनत करना जरूरी है, लेकिन तनाव लेने से प्रदर्शन पर नकारात्मक असर पड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि किसी भी बात से डरने के बजाय डटकर आगे बढ़ें और अपने सपनों को साकार करने का संकल्प लें।

उन्होंने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, नियमित अभ्यास और खुद पर भरोसा बनाए रखने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि असफलता से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उससे सीख लेकर आगे बढ़ना ही एक मजबूत व्यक्तित्व की पहचान है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को और सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से सीधे बातचीत कर उनकी जिज्ञासाएं सुनीं और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने सुझाव दिया कि परीक्षा के समय पर्याप्त नींद लेना जरूरी है। पढ़ाई का एक तय शेड्यूल बनाकर नियमित रूप से अध्ययन करें और पढ़े हुए विषयों पर चिंतन-मनन की आदत डालें। उन्होंने कहा कि केवल किताबें पढ़ना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि मित्रों और शिक्षकों के साथ विषयों पर चर्चा करने से समझ और मजबूत होती है।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी अपने विचार साझा किए। छात्र आदित्य ने कहा कि नियमित तैयारी करने से परीक्षा का डर खत्म हो जाता है और सिलेबस को भागों में बांटकर रिवीजन करना चाहिए। छात्रा सरस्वती ने कहा कि परीक्षा को उत्सव की तरह लेना चाहिए और खुद पर विश्वास रखना जरूरी है। वहीं छात्रा तान्या दुबे ने बताया कि वह हर बार आत्मविश्वास के साथ परीक्षा हॉल में प्रवेश करती हैं। छात्र हिमांशु ने कहा कि वह परीक्षा में सबसे पहले उन प्रश्नों को हल करते हैं, जो उन्हें अच्छी तरह आते हैं।

## भारतीय परंपरा में स्त्री पूरक शक्ति हैं: प्रो. कुमुद शर्मा

**नई दिल्ली।** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा की कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने सोमवार को कहा कि भारतीय परंपरा में स्त्री को केवल संख्या (आधी आबादी) नहीं बल्कि पूरक शक्ति माना गया है।

कुमुद शर्मा ने यह बात नई दिल्ली स्थित इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) के कलानिधि विभाग और वाणी प्रकाशन के संयुक्त तत्वावधान में दूरदर्शन॰ आधी आबादी की सशक्त गाथा पुस्तक लोकार्पण के अवसर पर कही। इस पुस्तक की लेखिका संगीता अग्रवाल हैं।

मुख्यातिथि के रूप में उन्होंने कहा, नारी के विमर्श में केवल उनके संघर्ष की चर्चा ही पर्याप्त नहीं बल्कि उनकी उपलब्धियों का उल्लेख भी अनिवार्य है।

कुमुद ने कहा कि आज मीडिया में जो स्त्रियां हैं, वो पुरुष के चैतन्य को कसौटी पर कस रही हैं। अब वे नीति-निर्माताओं में शामिल हैं। पूरे परिदृश्य में उनकी दृश्यता बहुत सशक्त है।

आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने कहा कि किसी भी चुनौतीपूर्ण और जोखिमपूर्ण विषय पर पुस्तक का प्रकाशन लेखक से कहीं अधिक साहस का कार्य होता है, क्योंकि आज समाज में पढ़ने वालों और विशेषकर पुस्तकें खरीदकर पढ़ने वालों की संख्या लगातार कम होती जा रही है।

## गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का शुभारंभ, सायरंग-सिलचर रेल सेवा शुरू

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर भारत के समग्र विकास को नई गति देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को यहां से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए असम के गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर आधुनिक यात्री आतिथ्य सुविधाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सायरंगङ्कसिलचर नई यात्री रेल सेवा को भी हरी झंडी दिखाई।

रेलभवन में आयोजित कार्यक्रम में मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा, सिलचर से लोकसभा सदस्य परिमल सुक्लाबैद्य, राज्यसभा सदस्य कनाड पुरकायस्थ सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




सायरंग-सिलचर यात्री रेल सेवा मिजोरम की राजधानी को असम की बराक घाटी से सीधे जोड़ेगी। इससे क्षेत्रीय एकीकरण को बल मिलेगा तथा छात्रों, दैनिक यात्रियों और उपचार के लिए यात्रा करने वाले लोगों को सुरक्षित, तेज और आरामदायक आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी।

गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर शुरू की गई यात्री आतिथ्य सुविधाओं में विश्राम कक्ष, वातानुकूलित प्रतीक्षालय तथा बहु-व्यंजन भोजनालय शामिल हैं। इन सुविधाओं से यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध होगा, जिससे स्टेशन पर यात्रा अनुभव अधिक सहज और आरामदायक बनेगा।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पिछले दस वर्षों में पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए रेल क्षेत्र में वित्तीय प्रावधानों में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। केंद्रीय बजट 2026ङ्क27 में पूर्वोत्तर राज्यों के लिए रिकॉर्ड 11,486 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि लगभग 72,468 करोड़ रुपये की रेल परियोजनाएं वर्तमान में क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

## बस्तर की पहचान उसकी समृद्ध संस्कृति और विरासत है: अमित शाह

**जगदलपुर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में आयोजित बस्तर पंडुम 2026 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बस्तर जैसी समृद्ध संस्कृति और कला विश्व के किसी भी अन्य जनजातीय क्षेत्र में देखने को नहीं मिलती। बस्तर की पहचान यहां की समृद्ध संस्कृति और विरासत है।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने बस्तर को भारत की संस्कृति का



आभूषण बताते हुए कहा कि बस्तर पंडुम के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार ने यहां की संस्कृति और परंपराओं को नए प्राण देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन जनजातीय कला, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस दौरान बस्तर पंडुम 2026 के सभी विजेताओं को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सम्मानित किया।

## पश्चिम बंगाल के डीजीपी को सुप्रीम कोर्ट के नोटिस पर भाजपा का वार, कहा- ममता बनर्जी पूरे देश को कर रहीं भ्रमित



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जनता को गुमराह करने और हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग के खिलाफ भ्रामक दलीलें पेश कीं थी। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तृणमूल कांग्रेस और पश्चिम बंगाल सरकार को बड़ा झटका लगा। पात्रा के मुताबिक चुनावी प्रक्रिया से जुड़ी कथित हिंसा के मामलों पर चुनाव आयोग की याचिका पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने पुलिस महानिदेशक को व्यक्तिगत हलफ़नामा दाखिल करने का निर्देश दिया है, जिसमें यह आश्वासन देना होगा कि राज्य में हिंसा नहीं होने दी जाएगी।

सोमवार को पत्रकार वार्ता में उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने बंगाल में अपनी भाषणों से हिंसा को आगे बढ़ाने की कोशिश की। लोगों को एसआईआर के खिलाफ भड़काकर सड़क पर हिंसा फैलाने की कोशिश की। ये सारी बातें सुप्रीम कोर्ट में दायर पेटीशन से भी उजागर होता है। यही नहीं, जो जिले में ब्लॉक्स होते हैं, उसमें कई ब्लॉक्स में तृणमूल के गुंडों और विधायकों द्वारा प्रायोजित दंगे किए गए।

अदालत ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि 8505 ग्रुप-बी अधिकारी कल शाम 5 बजे तक अपने-अपने डीसी (जिला कलेक्टर) या ईआरओ (निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी) के पास चुनाव ड्यूटी के लिए रिपोर्ट करें। पिछले कई महीनों से ममता बनर्जी ने एक तरह का असहयोग आंदोलन चलाने का पक्का फैसला कर रखा था। न तो वह एसआईआर के लिए अपने अधिकारियों को सहयोग दे रही थीं और न ही उन्हें ड्यूटी पर तैनात कर रही थीं।

### दुबई में फंसे भारतीय प्रवासी श्रमिक- मानवाधिकार आयोग का झारखंड सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने दुबई में फंसे झारखंड के प्रवासी श्रमिकों की दयनीय स्थिति पर कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने मीडिया में जारी समाचारों का स्वत: संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव और राज्य प्रवासी श्रमिक नियंत्रण कक्ष के प्रमुख को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। मानवाधिकार आयोग के अनुसार 3 फरवरी 2026 को प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट में जानकारी दी गयी है कि झारखंड के तीन जिलों गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो के करीब 14 मजदूर वर्तमान में दुबई में फंसे हुए हैं। इन श्रमिकों को एक ट्रांसमिशन लाइन निर्माण कंपनी ने काम पर रखा था। इनमें से एक मजदूर ने सूचना दी कि कंपनी ने उनका अधिकांश वेतन काट लिया गया है ताकि भारत से दुबई के हवाई टिकट खरीदने में हुए शुरुआती खर्च की भरपाई की जा सके। इसके अलावा कंपनी उनके रहने का खर्च भी ले रही है और मजदूरों के पास खाने-पीने का सामान तक खरीदने के लिए भी पैसे नहीं हैं। इन श्रमिकों ने कंपनी पर पासपोर्ट जब्त किए जाने, वेतन का भुगतान न किए जाने और भारत लौटने से इनकार किए जाने का भी आरोप लगाया है। मीडिया में प्रकाशित इस प्रकार के समाचारों पर स्वत: संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने झारखंड के मुख्य सचिव व राज्य प्रवासी श्रमिक नियंत्रण कक्ष के प्रमुख को नोटिस जारी किया है।

## भारी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद बरामद, नष्ट की 27 एकड़ अवैध अफीम की खेती

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस राज्य के अलग-अलग हिस्सों में अभियान चलाते हुए पिछले 24 घंटों के दौरान भारी मात्रा में हथियार जब्त करने के साथ ही बड़े पैमाने पर पहाड़ी क्षेत्र में की गयी अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया। पुलिस राज्य में शांति-व्यवस्था एवं कानून को लागू करने के लिए लगातार अभियान चला रही है।

मणिपुर पुलिस मुख्यालय ने सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए जारी पोस्ट में बताया गया है कि बीते रविवार को सुरक्षा बलों ने तेंगनौपाल जिले के तेंगनौपाल थानांतर्गत मोलनोम-मोलनोई गांव और आस-पास के इलाकों से अभियान चलाते हुए भारी मात्रा में हथियार एवं विस्फोटक बरामद किया। बरामद सामग्रियों में मुख्य रूप से एक एके-राइफल, एक पिस्तौल, दो इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार, एक सिंगल बैरल राइफल, दो जिंदा इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार बम, दस 7.62 एमएम के कारतूस और 14 आईईडी और आईईडी तार के बंडल जिन्हें मौके पर ही सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया गया।

वहीं एक अन्य अभियान में सुरक्षा बलों ने नोनी जिले के नंगबा थानांतर्गत लेंगलॉन्ग




और ताइखांग के सामान्य इलाके में अभियान चलाते हुए मैगज़ीन के साथ एक 7.62 एमएम की एके-47 राइफल, मैगजीन के साथ एक यूएस कार्बाइन एम2, मैगजीन के साथ एक .22 बोर की पिस्तौल, एक डीजेआई ड्रोन, चार 8 एमएम ब्लैंक राउंड, 5.56 एमएम के 17 कारतूस, 7.62 एमएम की एके-47 के 39 कारतूस, आठ 9 एमएम की कार्बाइन राउंड, नौ 7.62 एमएम के एसएलआर के राउंड, सात 12 बोर के कारतूस, दो बाओफेंग रेडियो सेट और कॉर्टेक्स तार बरामद किया गया।

मादक पदार्थों के विरूद्ध जारी अभियान की कड़ी में सुरक्षा बलों ने रविवार को कांगपोकपी जिले के कांगचुप थानांतर्गत अवलमून, सोंग्लुंग और ल्हांगजोल इलाकों में फैली लगभग 27 एकड़ अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया।

## ब्रीफ न्यूज

### वैलेंटाइन डे पर उज्जैन में सख्त रहेगा पुलिस पहरा, पार्कों से लेकर कैफे तक बढ़ी निगरानी

**उज्जैन ( ब्यूरो )।** वैलेंटाइन डे को लेकर उज्जैन पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई है। 14 फरवरी को शहर के पब्लिक पार्कों, मॉल्स, कैफे और अन्य संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस ने अभी से गश्त बढ़ा दी है, ताकि किसी भी तरह की अराजकता या शांति भंग करने की घटना न हो।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक वैलेंटाइन डे पर अक्सर सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ बढ़ जाती है। इसी को देखते हुए सभी थाना क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। शहर के प्रमुख पार्कों, विशेष रूप से मयूर वन सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस की नजर बनी रहेगी। प्रेमी जोड़ों के लिए वैलेंटाइन डे खास दिन माना जाता है और इसी कारण इस सप्ताह पार्कों और घूमने की जगहों पर आम दिनों की तुलना में ज्यादा आवाजाही रहती है। हालांकि पुलिस की सख्त निगरानी के चलते इन दिनों पब्लिक पार्कों में भीड़ अपेक्षाकृत कम नजर आ रही है।

### उज्जैन सहित प्रदेश के 52 जिलों में जनगणना की तैयारी शुरू

**उज्जैन ( ब्यूरो )।** उज्जैन सहित मध्यप्रदेश के सभी 52 जिलों की प्रशासनिक सीमाओं को 31 दिसंबर 2025 से फ्रीज कर दिया गया है। इसके चलते अब जनगणना-2027 की प्रक्रिया पूरी होने तक प्रदेश में कोई नया जिला, उपखंड या तहसील नहीं बनाई जा सकेगी। केंद्र सरकार की अधिसूचना के बाद सभी राज्यों में जनगणना की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में मध्यप्रदेश शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हाई पावर कमेटी का गठन कर दिया है।

उज्जैन जिले में भी जनगणना की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कलेक्टर की अध्यक्षता में जिलास्तरीय जनगणना समिति गठित कर दी गई है और चार मास्टर ट्रेनरों की नियुक्ति की गई है। इन्हें भोपाल में प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके बाद जिलेभर में अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर फील्ड में उतारा जाएगा।

### हर मंडल पदाधिकारी को 8 लाख जुटाने का लक्ष्य

**उज्जैन ( ब्यूरो )।** भारतीय जनता पार्टी ने इस वर्ष आजीवन सहयोग निधि अभियान को पूरी तरह टारगेट आधारित बना दिया है। उज्जैन जिले के 12 संगठनात्मक मंडलों को प्रत्येक मंडल से 8-8 लाख रुपए जुटाने का लक्ष्य दिया गया है। इस तरह जिले से कुल 96 लाख रुपए की राशि एकत्र की जाएगी। इस संबंध में तीन दिन पूर्व लोकशक्ति कार्यालय पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें अभियान की रणनीति और नियमों को स्पष्ट किया गया।

बैठक में मंडल पदाधिकारियों को साफ शब्दों में निर्देश दिए गए कि लक्ष्य पूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और अभियान को तय समयसीमा में पूरा किया जाए। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि इस बार राशि संग्रहण में पारदर्शिता और कानूनी प्रक्रिया का सख्ती से पालन किया जाएगा।

भाजपा संगठन ने सहयोग निधि के नियमों में सख्ती करते हुए स्पष्ट किया है कि 20 हजार रुपए से अधिक की सहयोग राशि देने वाले दानदाता का पैन कार्ड लेना अनिवार्य होगा। 5 हजार रुपए से अधिक की राशि नकद स्वीकार नहीं की जाएगी। 5 हजार से ऊपर की राशि केवल चेक, ऑनलाइन ट्रांसफर या अन्य बैंकिंग माध्यमों से ही ली जाएगी। पार्टी का कहना है कि यह व्यवस्था आयकर नियमों और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए लागू की गई है।

### शहरी क्षेत्र के रेस्टोरेंटों में घरेलू गैस का हो रहा उपयोग

**उज्जैन ( ब्यूरो )।** शहर में खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर रेस्तरां और नाश्ता दुकानों पर व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की जगह घरेलु सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा भले ही व्यापारिक प्रतिष्ठानों के लिए एलपीजी का बड़ा नीला सिलेंडर उपयोग करना अनिवार्य है, लेकिन नानाखेड़ा क्षेत्र के कई रेस्तरां और दुकानों पर खुलेआम एलपीजी गैस का घरेलू लाल सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं यहां उसकी सुरक्षा की दृष्टि से भी कोई इंतजाम नहीं है। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है, लेकिन इस ओर ना तो कभी संबंधित विभाग के

अधिकारियों की नजर जाती है और ना ही कभी कोई धरपकड़ का अभियान सामने आया है।

# महाकाल मंदिर परिसर में हल्दी खेला पर आपत्ति

### महा शिवनवरात्रि पर महिलाएं नाच-गाकर उत्सव मना रहीं; पुजारी बोले-शास्त्रों में उल्लेख नहीं, रोक लगे

**उज्जैन ( ब्यूरो )।** उज्जैन के महाकाल मंदिर परिसर में महिलाओं द्वारा एक-दूसरे को हल्दी लगाकर नाच-गाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मंदिर के पुजारियों ने इसे सनातन परंपरा के विपरीत बताते हुए इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। महाशिवरात्रि से पहले मनाए जा रहे महा शिवनवरात्रि के दौरान महिलाएं नाच-गा रही हैं।

मान्यता है कि महाशिवरात्रि पर भगवान महाकाल को दूल्हा बनाने से पहले शिवनवरात्रि के नौ दिनों तक हर दिन विशेष श्रृंगार किया जाता है। इस दौरान सुबह मंदिर परिसर में कोटेश्वर भगवान का पूजन-अर्चन होता है।

पूजन के बाद रोजाना दर्शन के लिए आने वाली करीब 50 से 100 महिलाएं भगवान शिव के विवाह का उत्सव मनाती हैं। भजन मंडली के साथ नाच-गाना करते हुए एक-दूसरे को हल्दी लगाती हैं।



#### पुजारी बोले- ऐसी परंपरा एक तरह का मजाक

महाकाल मंदिर के पुजारी महेश शर्मा ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि शिव नवरात्रि में केवल पूजा, आराधना और संकल्प की परंपरा है। यह पंचमी से शुरू होता है। इसे भगवान के प्राकट्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। आजकल लोग इसे शिव विवाह के रूप में मानते हैं।

इसे मजाक के रूप में हल्दी लगाने और खेलने के रूप में ले लिया गया। जबकि शिव पुराण और अन्य शास्त्रों में शिवरात्रि पर शिव विवाह और इस प्रकार मनाने का जिक्र नहीं है। हल्दी खेलना सनातन परंपरा के विपरीत है। हल्दी लगाने की परंपरा भी घातक न हो जाए। इसलिए मंदिर समिति से इस पर समय रहते प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

#### मंदिर प्रशासन को भी मिली हल्दी खेलने की शिकायत

मंदिर प्रशासन को भी इस संबंध में शिकायतें मिली हैं कि मंदिर परिसर में परंपरा के विपरीत हल्दी खेलने का आयोजन किया जा रहा है। इसके बाद प्रशासक ने संकेत दिए हैं कि इस पर रोक लगाई जाएगी। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही प्रशासक इस संबंध में आदेश जारी कर देंगे।

#### कोटेश्वर भगवान को उबटन अर्पित करने की परंपरा

दरअसल, मंदिर परिसर में कोटेश्वर भगवान को उबटन अर्पित करने की परंपरा है। नौ दिन तक भगवान महाकाल का विशेष श्रृंगार किया जाता है। महाशिवरात्रि पर भगवान को दूल्हे के रूप में सजाकर सेहरा अर्पित किया जाता है।

यही वजह है कि श्रद्धालु इसे शिव विवाह के रूप में मनाने लगे हैं। महाकाल मंदिर में नियमित दर्शन के लिए आने वाली महिलाओं ने करीब 11 साल पहले हल्दी खेलने की परंपरा की शुरूआत की थी। महिलाएं ढोल की थाप पर नाचती हैं। इस तरह वे एक-दूसरे को हल्दी लगाकर उत्सव मनाने लगीं।

#### महाकाल मंदिर में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक लगे

उत्तराखंड की चारधाम यात्रा और उससे जुड़े मंदिरों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध की मांग के बीच अब उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में भी इसी तरह की मांग उठने लगी है। महाकाल मंदिर के वरिष्ठ पूजारी महेश शर्मा और हिंदू जागरण मंच ने प्रमुख मंदिरों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

### उज्जैन में 11 से 16 फरवरी तक महाकाल वन मेला

**उज्जैन ( ब्यूरो )।** उज्जैन में 11 से 16 फरवरी तक प्रदेश स्तरीय महाकाल वन मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों, जड़ी-बूटियों और वन उत्पादों को एक मंच पर लाना है। यह मेला दशहरा मैदान पर आयोजित होगा, जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। डोम और पवेलियन लगाए जा रहे हैं। यह वन मेला प्रदेश में उपलब्ध जड़ी-बूटियों, आयुष आधारित उपचार पद्धतियों और पारंपरिक औषधीय ज्ञान को आमजन तक पहुंचाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले भोपाल में कई वर्षों तक इस तरह के मेले का आयोजन होता रहा है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर अब उज्जैन जैसे धार्मिक और पौराणिक नगर में इसका आयोजन किया जा रहा है।

# उज्जैन में नकाबपोश चोरों ने बंद मकान को बनाया निशाना

### लाखों के जेवर नकदी चोरी, वारदात सीसीटीवी में कैद

**उज्जैन ( ब्यूरो )।** उज्जैन के नानाखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित महानंदानगर के सी सेक्टर में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात चोरी की बड़ी वारदात हुई। तीन नकाबपोश चोरों ने एक व्यवसायी के बंद मकान को निशाना बनाया और लाखों के जेवरात व नकदी चुरा ली। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें आरोपी वारदात से पहले इलाके की रेकी करते दिख रहे हैं।



महानंदा नगर सी सेक्टर निवासी राजेंद्र भार्गव अपने परिवार के साथ पिछले लगभग 10 दिनों से पुणे में एक विवाह समारोह में शामिल होने गए हुए थे। उनका घर पूरी तरह से बंद था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने देर रात करीब 2ः45 बजे चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

#### मैन गेट का ताला तोड़कर घर में घुसे

सीसीटीवी फुटेज में तीनों आरोपी स्कूटर से घटनास्थल पर पहुंचे थे और उनके चेहरे कपड़े से ढके हुए नजर आए। उन्होंने पहले घर के बाहर कुछ देर तक घूमकर इलाके की निगरानी की। इसके बाद मुख्य गेट पर लगे दो ताले तोड़ दिए। चोरों ने बाहर खड़ी स्कूटी को हटाकर घर के अंदर प्रवेश किया और एक-एक कमरे की तलाशी ली।

परिवार के सदस्य और पूर्व पार्षद दिलीप भार्गव ने बताया कि सुबह पड़ोसियों ने घर के ताले टूटे देखे तो उन्हें फोन पर इसकी सूचना दी। इसके बाद नानाखेड़ा पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

चोर घर से सोने के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए हैं। हालांकि, चोरी हुए माल की कुल कीमत अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेंद्र यादव ने बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। परिवार भी सूचना मिलने पर उज्जैन लौट आया है। पुलिस की जांच जारी है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का दावा किया गया है।

# उज्जैन हिट एंड रनः इनोवा चालक गिरफ्तार

### 500 CCTV फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

**उज्जैन ( ब्यूरो )।** उज्जैन में फ्रीगंज जीरो पॉइंट ब्रिज पर हुए हिट एंड रन मामले में देवासगेट पुलिस ने फरार इनोवा चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले को सुलझाने के लिए 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।



यह हादसा 3 फरवरी की रात करीब 10ः15 बजे हुआथा। एक तेज रफ्तार इनोवा कार ने एक्सेस स्कूटी को टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में स्कूटी चला रहे 23 वर्षीय सूरज अग्निहोत्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे 18 वर्षीय अंकित उर्फ कान्हा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। टक्कर मारने के बाद इनोवा चालक मौके से फरार हो गया था।

घटना के बाद देवासगेट थाना पुलिस ने जांच शुरू की। एएसपी गुरुप्रसाद पाराशर और सीएसपी दीपिका शिंदे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अनिल पाराशर की टीम ने शहर के अलग-अलग इलाकों में लगे 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

कई दिनों की कड़ी मेहनत के बाद पुलिस को इनोवा की लोकेशन मिली। कार नानाखेड़ा क्षेत्र के परिहार परिसर के पास जय महाकाल गैरेज के पास खड़ी पाई गई। पुलिस ने तुरंत वाहन को जब्त कर लिया।

जांच में आरोपी की पहचान हर्षवर्धन सिंह सोलंकी उर्फ नानू (22) निवासी जाट मोहल्ला, कमलापुर (देवास) के रूप में हुई, जो वर्तमान में महाशक्ति नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन में रह रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है और आगे की पूछताछ जारी है।

# 30 ट्रेनों की प्लेटफॉर्म शिफ्टिंग से विकसित होगा माधवनगर रेलवे स्टेशन

### अब नए शहर के यात्रियों को मिलेगी सहूलियत

### उज्जैन रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म व्यवस्था में बड़ा बदलाव आज से होगा लागू




**उज्जैन ( ब्यूरो )।** मंगलवार से उज्जैन रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के प्लेटफॉर्म बदलाव का असर माधवनगर रेलवे स्टेशन के विकास पर पड़ेगा। अमूमन खाली रहने वाला फ्रीगंज तरफ के इस हिस्से में यात्रियों की आवाजाही बढ़ेगी और रेलवे की दृष्टि से यह तेजी से विकसित होगा। प्लेटफॉर्म 1 पर भी दबाव कम होगा। दरअसल अभी तक महानगरों से आने-जाने वाली ट्रेनों को प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर लिया जाता था। यह प्लेटफॉर्म रेलवे स्टेशन के मुख्य भाग में आता है और इस कारण इस पर चहल-पहल भी काफी रहती है। 1992 में तैयार किए फ्रीगंज तरफ वाले माधवनगर रेलवे स्टेशन का उपयोग ट्रेनों की आवाजाही के हिसाब से अब तक शून्य था, क्योंकि इस तरफ के प्लेटफॉर्म नंबर 7 और 8 कनेक्ट नहीं थे। अब यार्ड रिमॉडलिंग के कारण यह प्लेटफॉर्म भी दोनों दिशाओं में कनेक्ट हो गए हैं और ऐसे में इनका उपयोग अब पूरी तरह शुरू होने जा रहा है। मंगलवार से कई महत्वपूर्ण ट्रेने प्लेटफॉर्म नंबर 1 के बजाय 8 पर आएंगी। इस बदलाव से पुराने शहर में आने वाले देवासगेट क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव तो कम होगा ही, फ्रीगंज तरफ वाले प्लेटफॉर्म नंबर 8 की उपयोगिता भी बढ़ेगी। सिंहस्थ के पहले रेलवे का यह बदलाव क्राउड मैनेजमेंट की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

# उज्जैन महाशिवरात्रिः 10 लाख श्रद्धालुओं के लिए हाईटेक सुरक्षा

### 1500 पुलिसकर्मी तैनात, 40 मिनट में दर्शन का लक्ष्य

**उज्जैन ( ब्यूरो )।** महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर उज्जैन पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं की तैयारियां शुरू कर दी हैं। 15 और 16 फरवरी को मनाए जाने वाले इस महापर्व पर महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं के उज्जैन पहुंचने की संभावना है।

इन तैयारियों को लेकर पुलिस कंट्रोल रूम उज्जैन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा सहित जिले के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान मंदिर सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, चिकित्सा सहायता और वीआईपी आवाजाही के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई।



#### 1500 बल की होगी तैनाती

महाशिवरात्रि के दौरान बाबा महाकाल मंदिर परिसर और शहर के प्रमुख मार्गों पर लगभग 1500 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। इनमें से 250 पुलिसकर्मी विशेष रूप से वीआईपी व्यवस्था संभालेंगे। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए करीब 150 महिला सुरक्षाकर्मी भी तैनात की जाएंगी।

सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा। 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे, 5 ड्रोन कैमरे और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित निगरानी प्रणाली से भीड़ और गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाएगी।

#### 40 मिनट में होंगे दर्शन

प्रशासन का लक्ष्य है कि श्रद्धालुओं को 40 मिनट के भीतर महाकाल के दर्शन कराए जा सकें। इसके लिए एक विशेष मार्ग प्रणाली लागू की जाएगी, जिससे अव्यवस्था न हो और श्रद्धालुओं की आवाजाही सुचारू बनी रहे।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर 300 मीटर पर मेडिकल हेल्थ पॉइंट और पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए भी विशेष सहायता व्यवस्था उपलब्ध रहेगी।

शहर के विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे और मार्गों पर व्यापक बैरिकेडिंग की जाएगी, ताकि यातायात को नियंत्रित किया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विस्तृत यातायात योजना 13 फरवरी को सार्वजनिक की जाएगी, जिससे आमजन और श्रद्धालुओं को पहले से मार्गों की जानकारी मिल सके।

# दृष्टि इंडिया न्यूज चैनल ने शुभारंभ अवसर पर पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब को भेंट किए 51 हजार रुपए

### पत्रकार कल्याण कोष में पत्रकारों के आपातकालीन स्थिति में मदद के लिए जमा होगी राशि

**उज्जैन ( ब्यूरो )।** दृष्टि इंडिया डिजिटल न्यूज चैनल का रविवार को भव्य आयोजन के तहत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में चैनल द्वारा पत्रकारों के सुख-दुख में उपयोग के लिए सोसायटी फॉर प्रेस क्लब को 51 हजार रुपए की राशि भेंट की गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित समाजसेवी, प्रोफेसर, शिक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे।

दृष्टि इंडिया न्यूज चैनल के डायरेक्टर रामसिंह चौहान, मोरेश्वर राव उलारे, जयराज मंडेरिया ने बताया कि समाज में कई अनछुए पहलू हैं जिन पर पत्रकारिता की दृष्टि होना



जरूरी है। वर्तमान दौर में मीडिया हाउस कॉर्पोरेट कल्चर पर चल रहे हैं। इस दौर में निष्पक्ष पत्रकारिता की अपनी पहचान है। ऐसी ही कुछ और विजन लेकर दृष्टि इंडिया न्यूज चैनल का शुभारंभ किया गया है। यह भी देखने में आता है कि कई पत्रकारों को आपातकालीन सहायता की जरूरत होती है लेकिन पत्रकारिता की प्रतिष्ठा और अपने आत्मसम्मान के लिए पत्रकार मुसीबत के समय पत्रकार किसी से मदद लेने में संकोच करते हैं। ऐसे में पत्रकारों के हितों के लिए गठित सोसायटी फॉर प्रेस क्लब अपने हर पत्रकार के सुख-दुख में खड़ी रहने वाली संस्था है। इन्हीं विचारों के चलते दृष्टि इंडिया न्यूज चैनल द्वारा पत्रकार कल्याण कोष में 51 हजार रुपए की सहायता राशि भेंट की गई। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रेस क्लब अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी नंदलाल यादव एवं कार्यकारी अध्यक्ष विशाल हाडा को 51 हजार रुपए की राशि का चेक भेंट किया गया।

इन जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ शुभारंभ विधायक अनिल जैन कालूहेडा, विधायक सतीश मालवीय, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड अध्यक्ष सनवर पटेल, भाजपा नेता मुकेश यादव, इन संतों का आगमन महामंडलेश्वर ध्यानश्री शैलेषानंद गिरी जी महाराज, योगी महावीर नाथ जी महाराज, गादीपति ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर, किन्नर संत आशुबुआ इन समाजसेवियों की रही मौजूदगी सुरेश मोढ़, अंजूश्री के डायरेक्टर।

# बाबा महाकाल को भस्म अर्पित करने वाले भगवान पुरी महाराज ब्रह्मलीन

### मनावर के आश्रम में आज दी जाएगी समाधि

**उज्जैन ( ब्यूरो )।** ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर में महंत प्रतिनिधि के रूप में भगवान महाकाल को भस्म अर्पित करने वाले महानिर्वाणी अखाड़े के वरिष्ठ साधु भगवानपुरी महाराज रविवार को ब्रह्मलीन हो गए हैं। वे पिछले दो महीने से अस्वस्थथे। दिसंबर महीने से उनका इंदौर के निजी अस्पताल में इलाज में किया जा रहा था, जिसके पश्चात वे धार जिले के मनावर स्थित अपने आश्रम में विश्राम कर रहे थे। महाराजश्री के देवलोकगमन की सूचना मिलते ही महाकाल मंदिर और अखाड़े से जुड़े भक्तों में शोक की लहर दौड़ गई। अब उनकी जगह पर पिछले दो महीने से महानिर्वाणी अखाड़े के शिवांग गिरि महाराज भस्म अर्पित करने का जिम्मा उठा रहे हैं। ब्रह्मलीन भगवानपुरी महाराज पिछले 25 साल से अधिक समय से भगवान महाकाल की भस्म तैयार करने से लेकर सुबह भस्मार्ती में अर्पित करने की जिम्मेदारी निभा रहे थे। महाराज श्री का समाधिकरण सोमवार को दोपहर में धार जिले के मनावर में स्थित उनके निजी आश्रम में होगा।

## ब्रीफ न्यूज

### शिक्षक भर्ती में पद बढ़ोतरी की मांग को लेकर भोपाल में प्रदर्शन, DPI-TRIBAL कार्यालय का घेराव

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में वर्ग-2 और वर्ग-3 शिक्षक भर्ती को लेकर असंतोष एक बार फिर सड़कों पर दिखाई दिया। चयनित अभ्यर्थियों ने पदों की संख्या बढ़ाने और नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग को लेकर सोमवार को भोपाल में रैली निकालकर लोक शिक्षण संचालनालय (DPI) और जनजातीय कार्य विभाग (TRIBAL) कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थियों ने नारेबाजी करते हुए जल्द निर्णय लेने की मांग की।

प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों का कहना है कि उन्होंने शिक्षक चयन परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, लेकिन लंबे समय से नियुक्ति प्रक्रिया अटकी हुई है। बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद पद वृद्धि और दूसरी काउंसलिंग को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे उनमें नाराजगी बढ़ती जा रही है। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि सरकार के पास हजारों पद खाली होने के बावजूद सीमित भर्ती की जा रही है।

प्रदर्शनकारियों ने सरकार के ही आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग में माध्यमिक शिक्षकों के करीब 99 हजार और प्राथमिक शिक्षकों के लगभग 1.31 लाख पद रिक्त हैं। इसके अलावा जनजातीय कार्य विभाग में भी बड़ी संख्या में पद खाली पड़े हैं, लेकिन भर्ती प्रक्रिया इन रिक्तियों के अनुपात में नहीं हो रही है। उनका कहना है कि यदि पद बढ़ाए जाएं तो बड़ी संख्या में योग्य अभ्यर्थियों को रोजगार मिल सकता है और स्कूलों में शिक्षकों की कमी भी दूर हो सकेगी।

अभ्यर्थियों ने अपनी मांगों को स्पष्ट करते हुए कहा कि वर्ग-2 शिक्षक भर्ती में सभी विषयों में कम से कम तीन-तीन हजार पद बढ़ाए जाएं और जल्द दूसरी काउंसलिंग शुरू की जाए। वहीं वर्ग-3 (प्राथमिक शिक्षक) भर्ती में पदों की संख्या बढ़ाकर 25 हजार की जाए। इसके साथ ही शिक्षक भर्ती 2025 को पद वृद्धि के साथ पूरा करते हुए सफल अभ्यर्थियों को शीघ्र नियुक्ति देने की मांग की गई।

### विधानसभा सत्र के दौरान भोपाल में धारा 163 लागू, 16 फरवरी से 6 मार्च तक रहेंगे प्रतिबंध

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के नवम सत्र के दौरान राजधानी भोपाल में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन ने धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 16 फरवरी 2026 से 6 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगा। पुलिस आयुक्त भोपाल संजय कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुए यह आदेश जारी किया है।

जारी आदेश के अनुसार विधानसभा भवन और आसपास के क्षेत्रों में किसी भी सार्वजनिक स्थान पर पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक रहेगी। इस तरह की भीड़ को गैरकानूनी माना जाएगा। इसके साथ ही जुलूस, रैली, धरना-प्रदर्शन या किसी भी प्रकार की सभा आयोजित करने या उसमें शामिल होने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर हथियार लेकर चलने पर भी पूर्ण रोक लगा दी है। आदेश के तहत लाठी, डंडा, भाला, पत्थर, चाकू या अन्य धारदार वस्तुओं के साथ-साथ आग्नेय शस्त्र लेकर चलना प्रतिबंधित रहेगा। विधानसभा सत्र की अवधि में विधानसभा परिसर के पांच किलोमीटर के दायरे में भारी वाहनों के आवागमन पर भी रोक रहेगी। इसमें ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली, डंपर जैसे वाहनों के साथ ही धीमी गति से चलने वाले तांगा और बैलगाड़ी जैसे साधनों को भी प्रतिबंधित किया गया है, ताकि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो।

प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस अवधि में ऐसा कोई कार्य नहीं किया जाएगा जिससे शिक्षण संस्थानों, दुकानों, होटलों, उद्योगों या सार्वजनिक एवं निजी सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न हो। यह आदेश प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक प्रभावशील रहेगा अथवा विधानसभा सत्र के स्थगन या सत्रावसान तक लागू रहेगा, जो पहले हो।

यह प्रतिबंध विधानसभा भवन के आसपास के प्रमुख इलाकों में लागू किया जाएगा। इनमें रोशनपुरा, राजभवन, मुख्यमंत्री निवास, नवीन विधानसभा क्षेत्र, 74 बंगला, बोर्ड ऑफिस चौराहा, पत्रकार भवन, सतपुड़ा, विंध्याचल और वल्लभ भवन सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्र शामिल हैं।

# एमपी बोर्ड परीक्षाएं आज से: 16 लाख विद्यार्थियों के लिए कड़ा पहरा, CCTV से होगी सीधी निगरानी

### प्रदेशभर में 3856 परीक्षा केंद्र, नकल रोकने के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड, प्रश्नपत्रों की वीडियोग्राफी और लाइव मॉनिटरिंग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का आज से आगाज हो रहा है। इस वर्ष इन परीक्षाओं में 16 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा प्रदेशभर में 3856 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकल-मुक्त कराने के लिए सख्त इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन और शिक्षा विभाग ने परीक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तैयारी कर ली है।

मंडल के अनुसार 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं 10 फरवरी से शुरू होंगी, जबकि 10वीं की परीक्षाएं 13 फरवरी 2026 से प्रारंभ होंगी। इस बार करीब 9.07 लाख विद्यार्थी कक्षा 10वीं और लगभग 7 लाख विद्यार्थी कक्षा 12वीं की परीक्षा में बैठेंगे। सभी परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक ही पाली में आयोजित की जाएंगी।

नकल पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए इस बार तकनीक का व्यापक इस्तेमाल किया जा रहा है। परीक्षा केंद्रों पर ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी निगरानी सीधे भोपाल स्थित बोर्ड कार्यालय से की जाएगी। संवेदनशील परीक्षा केंद्रों को विशेष श्रेणी में रखते हुए वहां




अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। इसके अलावा हर जिले में चार-चार फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात किए गए हैं, जो औचक निरीक्षण कर परीक्षा की शुचिता बनाए रखेंगे।

प्रश्नपत्रों की सुरक्षा को लेकर भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। थानों से प्रश्नपत्र निकालने से लेकर परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी अनिवार्य की गई है। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

राजधानी भोपाल में भी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर खास तैयारी की गई है। यहां कुल 104 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। भोपाल में 10वीं के 30,746 और 12वीं के 26,627 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। सभी केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ अनुशासन बनाए रखने के लिए अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की गई है।

परीक्षार्थियों के लिए सख्त नियम लागू किए गए हैं। विद्यार्थियों को सुबह 8ञ्च30 बजे तक परीक्षा केंद्र पहुंचना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़, मोबाइल फोन और अनावश्यक गतिविधियों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने संशोधित टाइम टेबल पहले ही जारी कर दिया है। स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि यह समय सारिणी प्रत्येक विद्यार्थी और अभिभावक तक अनिवार्य रूप से पहुंचे। इसके लिए नोटिस बोर्ड, प्रार्थना सभा और व्हाट्सएप ग्रुप जैसे माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है।

बोर्ड का कहना है कि इन सख्त व्यवस्थाओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को भयभीत करना नहीं, बल्कि उन्हें निष्पक्ष और शांत वातावरण में परीक्षा देने का अवसर प्रदान करना है। परीक्षाओं के शांतिपूर्ण और सफल आयोजन के लिए प्रशासन, पुलिस और शिक्षा विभाग मिलकर काम कर रहे हैं।

## भभूत समझकर चूहामार दवा खा गई 12वीं की छात्रा, 15 दिन बाद मौत

### भोपाल के ईटखेड़ी में दर्दनाक हादसा, होनहार छात्रा वैष्णवी सेन ने हमीदिया अस्पताल में तोड़ा दम

**भोपाल।** भोपाल के ईटखेड़ी इलाके से एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहां एक छोटी सी लापरवाही ने 12वीं की होनहार छात्रा की जान ले ली। घर के मंदिर में रखी चूहामार दवा को भभूत समझकर सेवन करना छात्रा के लिए काल बन गया। करीब 15 दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद छात्रा ने सोमवार सुबह हमीदिया अस्पताल में दम तोड़ दिया।

ईटखेड़ी के लांबाखेड़ा क्षेत्र की रहने वाली 17 वर्षीय वैष्णवी सेन कक्षा 12वीं की छात्रा थी। परिजनों के अनुसार यह हादसा 26 जनवरी को



हुआ। घर में चूहों की समस्या के चलते वैष्णवी की मां ने चूहामार दवा एक पुड़िया में भरकर मंदिर के पास रख दी थी। उसी दिन पूजा करने के बाद वैष्णवी ने उस पुड़िया को भभूत समझ लिया। उसने पहले माथे पर लगाया और फिर प्रसाद के रूप में थोड़ा सा सेवन कर लिया।

दवा खाने के बाद वैष्णवी रोज की तरह कोचिंग चली गई। वहां अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और उसे लगातार उल्टियां होने लगीं। कोचिंग से लौटने के बाद जब मां ने मंदिर में रखी भभूत की पुड़िया के बारे में पूछा, तब परिजनों को सच्चाई का पता चला। घबराए परिजन तुरंत उसे भानपुर स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत सामान्य बताते हुए छुट्टी दे दी।

परिजनों को लगा कि खतरा टल गया है, लेकिन जहर शरीर के अंदर धीरे-धीरे असर कर रहा था। करीब 12 दिन बाद वैष्णवी की तबीयत फिर अचानक बिगड़ने लगी। उसे तेज पेट दर्द, कमजोरी और सांस लेने में तकलीफ होने लगी, जिसके बाद उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच में डॉक्टरों ने पाया कि जहर ने उसके लिवर और अन्य आंतरिक अंगों को गंभीर नुकसान पहुंचाया है।

हमीदिया अस्पताल में लगातार इलाज के बावजूद छात्रा की हालत में सुधार नहीं हो सका। सोमवार सुबह इलाज के दौरान वैष्णवी ने दम तोड़ दिया। छात्रा की मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह एक दुखद दुर्घटना सामने आई है। इस घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। पड़ोसियों और परिचितों का कहना है कि वैष्णवी पढ़ाई में तेज और बेहद संस्कारी थी। कुछ ही दिनों बाद उसकी बोर्ड परीक्षा शुरू होने वाली थी, लेकिन उससे पहले ही यह अनहोनी हो गई।

यह घटना घरेलू रसायनों और जहरीले पदार्थों को लेकर सतर्कता की एक कड़वी सीख भी दे गई है। एक छोटी सी चूक ने एक होनहार जीवन को हमेशा के लिए खत्म कर दिया।

## नकली नोटों का लालच देकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से जेवरात ठगे, दो जालसाज फरार

भोपाल। राजधानी के जहांगीराबाद इलाके में नकली नोटों का लालच देकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से जेवरात ठगने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दो अज्ञात जालसाजों ने महिला को बातों में उलझाकर नकली नोटों की गड्डी थमा दी और उसका मंगलसूत्र, कान के टॉप्स और चांदी की चेन लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, बरखेड़ी जहांगीराबाद निवासी 55 वर्षीय केशरबाई यादव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। बीते शुक्रवार को वह न्यू मार्केट स्थित बैंक में अपनी पासबुक की एंट्री कराने गई थीं। बैंक का काम निपटाने के बाद वह बस से लिली टॉकीज तिराहे पर उतरीं और वहां से पैदल घर की ओर जा रही थीं। इसी दौरान रशीदिया स्कूल रोड पर दो युवक उनके पास आए और उनसे बातचीत करने लगे।

दोनों युवकों ने खुद को मददगार बताते हुए कहा कि वह थकी हुई लग रही हैं और कुछ देर बैठकर आराम कर लें। उन्होंने महिला को पास ही एक मकान के चबूतरे पर बैठा दिया और पानी पिलाने की बात कही।

## भोपाल के बड़े तालाब किनारे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर विरोध, प्रशासन ने दी सुनवाई की मोहलत

### नयागांव-भदभदा बस्ती में 50 मीटर दायरे का मामला

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के बड़े तालाब के एफटीएल (फुल टैंक लेवल) से 50 मीटर के दायरे में आने वाले अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया सोमवार को शुरू की गई। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश के तहत जिला प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम नयागांव और भदभदा क्षेत्र पहुंची, जहां उन्हें स्थानीय लोगों और कांग्रेस नेताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। विरोध के चलते कार्रवाई को फिलहाल स्थगित कर दिया गया।

सोमवार सुबह टीटी नगर अनुभाग और नगर निगम की टीम भदभदा चौराहे के पास पहुंची। प्रशासन के अनुसार यहां नयागांव और भदभदा बस्ती के एक दर्जन से अधिक मकान और दुकानें एफटीएल के 50 मीटर दायरे में आ रही हैं। जैसे ही हटाने की कार्रवाई शुरू की गई, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, नगर निगम में



नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी, पार्षद योगेंद्र सिंह गुड्?डू चौहान, शोएब खान सहित कई कांग्रेस नेता मौके पर पहुंच गए। कांग्रेस नेताओं और स्थानीय निवासियों ने प्रशासन के सामने वर्ष 1930 से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए कार्रवाई पर आपत्ति जताई और इसे रोकने की मांग की। उनका कहना था कि यह बस्ती वर्षों पुरानी है और बिना समुचित पुनर्वास के हटाना उचित नहीं है।

#### विरोध के बाद रोकी गई कार्रवाई

स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों के एकजुट विरोध के बाद प्रशासनिक अमले को कार्रवाई स्थगित करनी पड़ी। इस दौरान बड़ी संख्या में बस्तीवासी भी मौके पर एकत्र हो गए। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि इससे पहले भदभदा बस्ती से लगभग 400 लोगों को हटाया गया था, लेकिन कई परिवारों को आज तक स्थायी आवास नहीं मिल सका है। जिन स्थानों पर लोगों को शिफ्ट किया गया, वहां बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। उन्होंने यह भी कहा कि एनजीटी के आदेश की आड़ में लोगों को बिना सुने हटाया जा रहा है, जबकि वास्तविक स्थिति की जांच और पुनर्वास की व्यवस्था पहले की जानी चाहिए।

#### प्रशासन ने दी सुनवाई की तारीख

विरोध को देखते हुए एसडीएम अर्चना शर्मा ने प्रभावित लोगों को सुनवाई का अवसर देने की बात कही है। इस दौरान बस्तीवासी अपने पक्ष में दस्तावेज प्रस्तुत कर सकेंगे। सुनवाई के बाद आगे की कार्रवाई पर निर्णय लिया जाएगा। इस बीच नगर निगम के अमले ने अलग से सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की, जिसमें करीब चार ट्रक सामान जब्त किया गया।

## भोपाल में आवारा श्वानों की संख्या बढ़ी, निगम नसबंदी कर फिर छोड़ रहा आवारा

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में आवारा श्वानों की बढ़ती संख्या आमजन के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। नगर निगम द्वारा श्वानों की संख्या नियंत्रित करने के लिए नसबंदी और एंटी-रेबीज टीकाकरण की कार्रवाई तो की जा रही है, लेकिन नसबंदी के बाद श्वानों को फिर से सड़कों पर छोड़े जाने से समस्या बनी हुई है। इसी क्रम में सोमवार को नगर निगम के डॉग स्क्वाड दलों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर 61 आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी केंद्रों में भेजा।

हालांकि, नागरिकों का कहना है कि श्वानों को वापस छोड़े जाने से सड़कों पर उनकी संख्या कम होने के बजाय बनी रहती है, जिससे आवागमन और सुरक्षा से जुड़ी समस्याएं सामने आ रही हैं।



नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में डॉग स्क्वाड ने कजलीखेड़ा स्थित एबीसी सेंटर में 18 श्वानों, आदमपुर एबीसी सेंटर में 23 श्वानों तथा अरवलिया एबीसी सेंटर में 20 श्वानों को भेजा। इस तरह कुल 61 श्वानों की नसबंदी की प्रक्रिया के लिए उन्हें केंद्रों तक पहुंचाया गया।

निगम अमले द्वारा नसबंदी पूरी होने के बाद 72 श्वानों को वापस उनके क्षेत्र में छोड़ा गया। नगर निगम का कहना है कि शहर में आवारा श्वानों की संख्या को नियंत्रित करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

नगर निगम के डॉग स्क्वाड द्वारा आगे भी विभिन्न क्षेत्रों में आवारा श्वानों को पकड़ने की कार्रवाई लगातार की जाएगी।

## सिंगरौली में मनरेगा (जी-रामजी) योजना में AI से फर्जी हाजिरी का आरोप, नेता प्रतिपक्ष ने मांगी जांच

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले में जी-रामजी (मनरेगा) योजना के तहत कथित फर्जीवाड़े को लेकर सियासत तेज हो गई है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया है कि योजना में असली मजदूरों की जगह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ) से तैयार की गई तस्वीरें अपलोड कर फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है और सरकारी खजाने से भुगतान निकाला जा रहा है। उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

नेता प्रतिपक्ष ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए दावा किया कि सिंगरौली जिले में 120 से अधिक ऐसे फर्जी मजदूर सामने आए हैं, जिनका वास्तविक अस्तित्व नहीं है, लेकिन उनकी तस्वीरें अपलोड कर मनरेगा के तहत भुगतान कर दिया गया। उनका कहना है कि इस पूरे मामले में कमीशनखोरी का भी खेल चल रहा है और जिम्मेदार अधिकारियों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

उमंग सिंघार ने कहा कि जी-रामजी योजना का उद्देश्य गरीब मजदूरों को आजीविका और सम्मान देना था, लेकिन इसे भ्रष्टाचार का माध्यम बना दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि योजनाओं के नाम बदलकर उनका प्रचार किया जा रहा है।

## 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में कार्यकर्ता निभाएं अहम भूमिका: अजय जामवाल

### भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सोमवार को सिहोर जिला कार्यालय में विभिन्न बैठकों को किया संबोधित

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ निरंतर कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार समाज के हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

अजय जामवाल सोमवार को सीहोर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित कामकाजी बैठक, जनप्रतिनिधियों की बैठक और जिला कोर ग्रुप की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में देश आज़ादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा और इस लक्ष्य की प्राप्ति में पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता




की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपना सक्रिय और सकारात्मक योगदान दें।

#### बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने कहा कि जिले के सभी पार्टी पदाधिकारी मंडल और शक्ति केंद्रों तक नियमित प्रवास करें और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बूथ स्तर पर संगठन को और सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों, युवाओं, महिलाओं, किसानों सहित समाज के सभी वर्गों के कल्याण और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे गांव-गांव और घर-घर संपर्क कर केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी एवं हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाएं, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके।

#### विकसित भारत की संकल्पना पर बल

अजय जामवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा दूरदृष्टि वाला नेतृत्व ही भारत को विकसित राष्ट्र बना सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता को साधन मानकर नहीं, बल्कि जनसेवा के माध्यम के रूप में कार्य करती है और पार्टी के कार्यकर्ता 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ निरंतर सेवा में लगे रहते हैं।

#### वरिष्ठ कार्यकर्ता का सम्मान

इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल ने जनसंघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता किशन पचौरी के निवास पहुंचकर उनका सम्मान किया। उन्होंने पचौरी सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से भेंट कर उनके संगठनात्मक अनुभवों पर विस्तृत चर्चा की।

# इजराइली राष्ट्रपति सिडनी पहुंचे, कुछ समूह और आम लोग इस यात्रा का कर रहे विरोध

**सिडनी।** इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हज़ोग सोमवार को सिडनी पहुंचे। उनका चार दिन का ऑस्ट्रेलिया दौरा पिछले साल दिसंबर में बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले के बाद यहूदी समुदाय के प्रति समर्थन दिखाने के लिए है। हालांकि फिलिस्तीनियों को लेकर इजराइल को लेकर विवाद भी हो रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक बयान में हर्जोग ने कहा कि वह पूरे ऑस्ट्रेलिया में यहूदी समुदायों का दौरा करेंगे ताकि हमले के बाद समुदाय के प्रति एकजुटता व्यक्त कर सकें और उन्हें ताकत दे सकें।



रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया के गवर्नर-जनरल और पीएम के निमंत्रण पर आए हज़ोग अपने दौरे में यहूदी समुदाय के नेताओं के साथ कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके अलावा, उनकी वरिष्ठ राजनेताओं से भी मुलाकात हो सकती है। दूसरी ओर फिलिस्तीनियों को लेकर इजराइल की नीतियों और कार्रवाइयों के विरोध में ऑस्ट्रेलिया में समूहों और आम लोगों ने इस यात्रा का विरोध कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई यहूदियों और लोगों ने एक खुला पत्र लिखकर कहा है कि हज़ोग यहां स्वागत योग्य नहीं हैं।

हज़ोग की जिन शहरों में यात्रा तय है, वहां विरोध प्रदर्शन किए जाने की योजना है। इनमें कैनबरा और मेलबर्न भी शामिल हैं। सिडनी में सोमवार शाम शहर के केंद्र में रैली और मार्च निकाले जाने की तैयारी है। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। न्यू साउथ वेल्स राज्य में हज़ोग की यात्रा के समय 3,000 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

## सख्त हुआ ईरान- नोबेल विजेता नरगिस मोहम्मदी को सात साल की अतिरिक्त जेल

**तेहरान।** ईरान में मानवाधिकारों की आवाज उठाने वाली नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। जेल में बंद मोहम्मदी को अब सात साल से अधिक की अतिरिक्त जेल की सजा सुनाई गई है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब वह पहले से ही जेल में भूख हड़ताल पर हैं और ईरान सरकार देश के भीतर उठने वाली असहमति की आवाजों पर लगातार सख्ती बरत रही है। नरगिस मोहम्मदी के समर्थकों और उनके वकील मुस्तफा निली द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, मशहद की एक रिवोल्यूशनरी कोर्ट ने शनिवार को यह नया फैसला सुनाया। अदालत ने उन्हें साजिश और मिलीभगत के आरोप में छह साल और प्रोपेगेंडा फैलाने के आरोप में डेढ़ साल की सजा दी है। इस तरह उन्हें कुल साढ़े सात साल की अतिरिक्त जेल काटनी होगी।



विंटर ओलंपिक के विरोध में प्रदर्शन हिंसक झड़पों में बदला, पुलिस ने किया लाठीचार्ज।

# जापान में एलडीपी ने हासिल की ऐतिहासिक जीत, पीएम मोदी ने दी ताकाइची को बधाई

### भारत-जापान के संबंध वैश्विक शांति और समृद्धि को आगे बढ़ाने पर दिया जोर

**टोक्यो।** जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) ने रविवार को आम चुनाव में प्रतिनिधि सभा में दो-तिहाई बहुमत हासिल कर लिया है, जिससे पीएम सनाए ताकाइची को अपनी रूढ़िवादी नीतियों को आगे बढ़ाने का जनादेश मिल गया है। 465 सदस्यीय निचले सदन में 310 सीटों के दो-तिहाई बहुमत को पार करने से एलडीपी को संवैधानिक संशोधन करने और ऊपरी सदन द्वारा अस्वीकृत किए जाने पर भी विधेयक पारित करने की अनुमति मिल गई है, जहां सत्तारूढ़ गठबंधन अल्पमत में है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एलडीपी युद्धोत्तर जापान में इतना बहुमत हासिल करने वाली पहली पार्टी है। इस शानदार जीत से पार्टी की चुनाव-पूर्व 198 सीटों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है और इसका श्रेय ताकाइची की व्यक्तिगत लोकप्रियता को दिया जा रहा है। एलडीपी और उसके गठबंधन सहयोगी, जापान इनोवेशन पार्टी (जेआईपी), मिलकर सदन में एक मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएंगे, जिससे अक्टूबर में पदभार संभालने के बाद ताकाइची की स्थिति और मजबूत होगी। रिपोर्ट के मुताबिक जीत की घोषणा के बाद एक टेलीविजन कार्यक्रम में ताकाइची ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान किए गए वादों को लगातार पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करना हमारी बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि वह मौजूदा मंत्रिमंडल को काफी हद तक बरकरार रखेंगी, जिसे चार महीने से भी कम समय पहले गठित होने के बाद से जनता का अपेक्षाकृत मजबूत समर्थन हासिल है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीएम नरेंद्र मोदी ने जापान की पीएम सनाए ताकाइची को चुनाव में संभावित ऐतिहासिक जीत पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत-जापान के संबंध वैश्विक शांति, स्थिरता और साझा समृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए अत्यंत अहम हैं, और यह मजबूत विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के जरिए से संभव हो पाता है। एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा कि हमारी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## अब खालिस्तानियों के लिए कनाडा नहीं रहेगा सुरक्षित पनाहगाह, हर हरकत पर रहेगी नजर

### एनएसए डोभाल और ड्रौइन के बीच हुई बातचीत में भारत-कनाडा संबंधों को किया रीसेट

**ओटावा।** कनाडा पिछले काफी समय से खालिस्तानी चरमपंथियों की सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है, अब वहां इन भारत-विरोधियों के लिए 'नो एंट्री' का बोर्ड लगने वाला है। नेशनल सिक?योरिटी एडवाइजर (एनएसए) अजीत डोभाल ने कनाडा की एनएसए नथाली ड्रौइन के साथ दो दिनों तक ऐसी 'सर्जिकल स्ट्राइक' वाली कूटनीति की कि अब खालिस्तानियों के पास भागने का रास्ता भी नहीं बचेगा। अब कनाडा की धरती खालिस्तानी नेटवर्क के लिए सुरक्षित पनाहगाह नहीं रहेगी। कनाडा सरकार अब खालिस्तानी गतिविधियों को फ्री स?पीच के बजाय आर्गनाइज्?ड क्राइम के रूप में देखेगी। इतना ही नहीं, खालिस?तानी वहां भारत के खिलाफ कुछ भी करेंगे तो इसकी जानकारी कनाडा की सरकार भारत को देगी।

मीडिया रिपोर्ट में शीर्ष सरकारी सूत्रों ने बताया कि डोभाल और ड्रौइन के बीच हुई इस बातचीत ने भारत-कनाडा संबंधों को रीसेट कर दिया है। कनाडा ने साफ कहा कि वह खालिस्तानी लिंक वाले नेटवर्क जैसे हिंसक समूहों को किसी भी तरह समर्थन नहीं देगी। वहीं नशीली दवाओं की तस?करी, साइबर खतरों और आतंकवाद पर रीयल-टाइम खुफिया जानकारी साझा किया जाएगा। सबसे बड़ी बात, इसमें खालिस्तानी लिंक वाले समूह फोकस में होंगे। सूत्रों के मुताबिक यह चर्चा भारत विरोधी गतिविधियों पर ओटावा के रुख में आए बदलाव को दर्शाती है। अब तक कनाडा ऐसे समूहों की मौजूदगी से इनकार करता रहा है।

## चीन ने ट्रंप की एक नहीं सुनी- लोकतंत्र समर्थक जिमी लाई को 20 साल की जेल

**हांगकांग।** लोकतंत्र समर्थक आंदोलन के प्रमुख चेहरे और पूर्व मीडिया टायकून जिमी लाई को अदालत ने 20 साल की जेल की सजा सुनाई है। इस फैसले के साथ ही उस लंबी कानूनी लड़ाई का अंत हो गया है, जो बीते कई वर्षों से हांगकांग की बदलती राजनीतिक तस्वीर और चीन के सख्त होते रुख का प्रतीक बनी हुई थी। 78 वर्षीय जिमी लाई उन सबसे प्रखर आलोचकों में शामिल थे, जिन्हें चीन द्वारा 2020 में लागू किए गए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत निशाना बनाया गया। अदालत ने उन्हें दो राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों और एक देशद्रोह के आरोप में दोषी करार दिया। जिमी लाई ने अदालत का फैसला बेहद शांति और चेहरे पर हल्की मुस्कान के साथ सुना। सजा के दौरान वह सफेद जैकेट में नजर आए और शारीरिक रूप से पहले के मुकाबले काफी दुबले दिखे।



गंभीर के घर पर भारतीय टीम के लिए हुई डिनर पार्टी, बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी शामिल हुए।

# पाक से मैच को लेकर आईसीसी के फैसले का सम्मान करेगा बीसीसीआई: राजीव शुक्ला

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि पाकिस्तान के टी20 विश्वकप मैच का बहिष्कार करने के मामले में बोर्ड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के फैसले का सम्मान करेगा। शुक्ला ने कहा है कि इस मामले में आईसीसी के जो भी फैसला लेगी। उसी का हम पालन करेगी और हमारा कोई अलग रुख नहीं होगा। शुक्ला ने कहा, मैं पहले भी स्पष्ट कर चुका हूं कि आईसीसी जो भी फैसला लेगा, बीसीसीआई उसी के अनुसार आगे बढ़ेगी। इस मामले में बोर्ड कुछ भी नहीं कहेगा। पाक ने बांग्लादेश को विश्वकप से बाहर किये जाने का विरोध करते हुए भारत के खिाफ विश्वकप मैच नहीं खेलने की बात कही है। वही पाक मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस मैच की संभावनाएं हैं क्योंकि लाहौर में आईसीसी के डिप्टी चेयरमैन इमरान ख्वाजा, पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी और बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम के बीच इसको लेकर एक बैठक हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पीसीबी इस मामले पर पाकिस्तान सरकार से स्पष्ट दिशा-निर्देश लेने वाला है। इसके बाद ही उसकी ओर से कोई औपचारिक घोषणा होगी। वहीं इससे पहले पाक सरकार ने कहा था कि उसकी टीम भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलेगी। पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस फैसले को बांग्लादेश से जुड़े विवाद से जोड़ते हुए कहा कि ये बांग्लादेश के प्रति समर्थन दिखाने के लिए लिया गया है।।



इससे पहले बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों से अपने सभी मैच भारत से बाहर कराने की मांग की थी, जिसे आईसीसी ने ठुकरा दिया था। इसके बाद बांग्लादेश ने विश्वकप से नाम वापस ले लिया था। आईसीसी ने पीसीबी से यह स्पष्ट करने को कहा है कि उसने बहिष्कार का कदम क्यों उठाया है। वहीं पीसीबी ने आईसीसी को संदेश भेजा था कि सरकार के आदेशों के कारण वह इस मैच से बाहर रहेगा।

## तिलक हालात के अनुसार खेलने वाले बल्लेबाज: गावस्कर

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टी20 विश्वकप के पहले ही मैच में तिलक वर्मा की बल्लेबाजी की सराहना की है। गावस्कर ने कहा कि तिलक एक समझदार क्रिकेटर हैं जो हालात के अनुसार खेलना जानते हैं। उन्हें पता है कि दबाव के बीच किस प्रकार से संयमित पारी खेली जाती है। गावस्कर को उम्मीद है कि 12 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ मैच में भी वह इसी प्रकार खेलेंगे। गावस्कर ने दबाव में परिपक्वता दिखाने के लिए तिलक की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा, तिलक एक बहुत ही होशियार क्रिकेटर हैं। वह न सिर्फ अपनी बल्लेबाजी कौशल या अलग-अलग प्रकार के शॉट्स के लिए जाने जाते हैं बल्कि इसलिए भी कि कब, कैसे खेलना है। वह दूसरे ओवर में कठिन हालातों में बल्लेबाजी करने आए, जब टीम के मुख्य आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा आउट हो गए थे। उस समय, तिलक जानते थे कि उन्हें जवाबी हमला करने की जरूरत है पर बिना बड़ा जोखिम उठाए। गावस्कर ने कहा, वह बहुत ज्यादा आक्रामक नहीं हो रहे थे, बल्कि सोच-समझकर खेल रहे थे। उन्होंने मिड-ऑन के ऊपर से एक चिप शॉट खेला क्योंकि उन्हें पता था कि फील्डर सर्कल के अंदर है। वह छक्का मारने की कोशिश नहीं कर रहे थे, सिर्फ चौका। तिलक उस तरह के खिलाड़ी हैं जो आपके साथ टिके रहेंगे। हमने यह एशिया कप फाइनल में भी देखा था, जहां उन्होंने समय लिया और फिर आखिर में जीत दिलायी। इसलिए, अगर उनके जैसा कोई खिलाड़ी पहले छह ओवर में आता है और 14वें या 15वें ओवर तक क्रीज पर रहता है, तो आप एक अच्छा स्कोर बना सकते।

# अमेरिकी गेंदबाज शाल्कविक बोले, अभी हमें काफी सुधार करना होगा

**मुंबई।** अमेरिका के तेज गेंदबाज शैडली वैन शाल्कविक भारत के खिलाफ टी20 विश्कप के पहले ही मैच में अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हैं। शाल्कविक के अनुसार हालांकि उन्हें अभी काफी सुधार करना होगा। उनके अनुसार एसोसिएट देशों के खिलाड़ियों को शीर्ष टीमों से मुकाबले में विशेष प्रयास करने होते हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि उनकी टीम ने पहले मैच में काफी अच्छा खेला। उनकी टीम का क्षेत्ररक्षण भी इस मैच में अच्छा रहा है। शाल्कविक ने इस मैच में 25 रन देकर चार विकेट लिए थे। इस तेज गेंदबाज ने कहा, एसोसिएट क्रिकेटर के तौर पर भारत जैसी शीर्ष टीम के खिलाफ हमारा प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। इसके लिए हमें काफी प्रयास करना पड़ता है। हमें सबसे बड़े मंच पर खेलने का अवसर कभी-कभी ही मिलता है। हमारे लिए उन टीम के खिलाफ बहुत अच्छी तरह तैयारी करना जरूरी है जिनके खिलाफ हम खेलते हैं। हम योजना पर भी भरोसा करते हैं। उन्होंने कहा, हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो पहले यहां खेल चुके हैं। हमारे पास ऐसे लोग हैं जो आंकलन कर रणनीति बनाते हैं। हमें स्थिति बताते हैं। साथ ही बताते हैं कि कहां गेंदबाजी करनी है और हम उस योजना पर भरोसा करते हैं। हम मैदान पर अभ्यास करते हैं और जितना हो सके उतना अच्छा करने की कोशिश करते हैं। दक्षिण अफ्रीकी मूल के अमेरिका के गेंदबाज वैन शाल्कविक ने कहा कि विरोधियों के खिलाफ अधिक योजना नहीं बनाना भी जरूरी है।



# भारत में अवसर नहीं मिलने पर अमेरिका गये थे हरमीत



**मुम्बई।** टी20 विश्वकप में अमेरिका की ओर से खेलने वाले स्पिन गेंदबाज हरमीत सिंह उन खिलाड़ियों में से एक हैं जो अपने करियर को बेहतर बनाने दूसरे देशों की ओर रुख करने में नहीं हिचकिताते हैं। हरमीत का जन्म मुम्बई में हुआ था और उन्होंने भारत की ओर से दो बार अंडर-19 विश्वकप भी खेला था। इसके अलावा वह आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स से भी खेले हैं पर अधिक अवसर नहीं मिलने के बाद वह अमेरिका चले गये और अब लगातार दूसरी बार विश्वकप खेल रहे हैं। हरमीत ने मुंबई के अलावा कुछ अन्य राज्यों की टीमों की ओर से भी घरेलू क्रिकेट खेला है। उन्हें साल 2010 अंडर-19 विश्व कप में जगह मिली थी पर वह असफल रहे। साल 2012 अंडर-19 विश्व कप में हालांकि वह सफल रहे। उन्होंनें साल 2013 में आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स की ओर से एक मैच भी खेला। इसके बाद आईपीएल स्पॉट-फिक्सिंग विवाद में भी उनका नाम आया पर बाद में बीसीसीआई की जांच में वह मामले में बरी हो गये। उनपर सभी आरोप गलत पाये गये। अमेरिका जाने के बाद हरमीत ने वहां खेलते हुए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई।

## अगले टी20 विश्वकप में नहीं खेल पायेंगे वैभव

**मुम्बई।** 14 साल के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने पिछले कुछ समय में अपने अच्छे प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। आईपीएल से लेकर अंडर-19 क्रिकेट तक वह छाये रहे हैं। वैभव अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। वह दबाव के बीच भी आसानी से बड़े शॉट लगा देते हैं। अंडर-19 विश्व कप में भारतीय टीम की जीत में भी उनकी अहम भूमिका रही है पर इसके बाद भी इसके अगले संस्करण में वह खेल नहीं पायेंगे। इस कारण भारतीय क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई का एक नियम है।

बीसीसीआई ने साल 2016 में राहुल द्रविड़ के कोच रहते एक नियम बनाया था जिसके अनुसार कोई भी खिलाड़ी एक ही बार अंडर-19 विश्कप खेल सकेगा। ये फैसला इसलिए किया गया था ताकि अधिक से अधिक उभरती हुई प्रतिभाओं को इसमें खेलने का अवसर मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### गंदगीयुक्त दुकान संचालन पर लगा 40 हजार का जुर्माना

**कटनी ( ब्यूरो )।** खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के उल्लंघन और गंदगीयुक्त वातावरण में भोजन एवं नाश्ता वगैरह का निर्माण एवं विक्रय तथा बिना खाद्य पंजीयन के दुकान का संचालन करते पाए जाने पर न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्री नीलांबर मिश्रा ने अंबेडकर वार्ड गायत्री नगर निवासी हरिशंकर पारासर के विरुद्ध 40 हजार रुपए का अर्थ दंड लगाया है।

अंबेडकर वार्ड गायत्री नगर स्थित फर्म मेंसर्स हरिशंकर पाराशर की जांच के दौरान मौके पर कारखाने में गंदगीयुक्त और अस्वच्छ स्थिति में भोजन, समोसे, कचौड़ी आदि का निर्माण एवं संग्रह पाया गया। साथ ही लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन की शर्तों का उल्लंघन भी मिला। निरीक्षण के दौरान मौके पर रेस्टोरेंट की किचन में काम करने वाले कर्मचारियों का मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट,वॉटर टेस्टिंग, फूड टेस्टिंग आदि की जांच रिपोर्ट भी नहीं प्रस्तुत किया गया। साथ ही खाद्य निर्माण सामग्री के क्रय-विक्रय का बिल भी मांगे जाने पर संचालक हरिशंकर पाराशर द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया था इसके अलावा एफएसएसआई का लाइसेंस कटनी साउथ रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर एक में खाद्य कारोबार हेतु जारी किया गया था। जबकि इस फर्म के गायत्री नगर में कारोबार के लिए एफएसएसआई का लायसेंस में नहीं मिला ।जिससे यह स्पष्ट हो रहा है की संबंधित फर्म के संचालक द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है।

मेसर्स हरिशंकर पाराशर को अर्थदंड की राशि ट्रेज़री चालान के माध्यम से हेड क्रमांक 0210 चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य,04- लोक स्वास्थ्य,104-शुल्क एवं अर्थ दंड के खाते में 30 दिवस के भीतर जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। अन्यथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

### कटनी जंक्शन पर फिर सक्रिए हुए बदमाश

#### यात्री महिला का बैग किया चोरी

**कटनी ( ब्यूरो )।** कटनी जंक्शन से होकर गुजरने वाली ट्रेनों में एक बार फिर चोरी और लूट की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। अज्ञात बदमाश बेखौफ होकर ट्रेनों के अंदर घुसकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। आउटर पर बदमाश सक्रिय है और यात्री दहशत में सफर कर रहे हैं। आधारकाप, खिरहनी, गायत्री नगर, भट्ठा मोहल्ला और कटनी साऊथ के पास लगातार वारदातें घटित हो रही है, इसके बाद भी न तो रेल पुलिस इन घटनाओं पर संज्ञान ले रही है और न आरपीएफ। ऐसी ही एक घटना सतना जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ रीवा-भोपाल एक्सप्रेस में घटित हुई। इस वारदात के दो दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। चोरों का सुराग लगाने में पुलिस असफल साबित हो रही है। सतना जिले के कोलगंवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 44 टिकुरिया निवासी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माधवी विश्वकर्मा 7 और 8 फरवरी की दरम्यानी रात गाड़ी नंबर 22146 रीवा भोपाल ट्रेन से अपनी मां और बेटी के साथ सतना से भोपाल की यात्रा कर रही थी।

### जनसुनवाई में महापौर लोगों की समस्याएं सुन त्वरित देंगी समाधान के निर्देश



**कटनी ( ब्यूरो )।** नागरिकों की समस्याओं के शीघ्र, प्रभावी और पारदर्शी समाधान के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की पहल पर मंगलवार, 10 फरवरी को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक नगर निगम कार्यालय स्थित मेयर इन काउंसिल कक्ष में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जनसुनवाई के दौरान महापौर श्रीमती सूरी स्वयं उपस्थित रहकर नागरिकों के आवेदन, शिकायतें ध्यानपूर्वक सुनेंगी। साथ ही वे संबंधित विभागीय अधिकारियों को मामलों के समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी निराकरण के निर्देश देंगी, ताकि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस पहल से नागरिकों को अपनी बात सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिलेगा और प्रशासनिक जवाबदेही एवं सुशासन को मजबूती मिलेगी। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे मंगलवार, 10 फरवरी को निर्धारित समय पर नगर निगम कार्यालय पहुंचें तथा अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज अवश्य साथ लाएँ, जिससे उनके मामलों पर शीघ्र कार्रवाई की जा सके।

# कलेक्टर ने शिकायतें अटेंड नहीं करने वाले 5 शासकीय कर्मियों का वेतन काटा





### समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये निर्देश

**कटनी ( ब्यूरो )।** सीएम हेल्पलाइन की 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। शिकायतें नॉट अटेंड होना गंभीर लापरवाही मानी जायेगी। उन्होंने शिकायतें अटेंड नहीं करने वाले 5 शासकीय कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार एवं अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा मौजूद रहे।

#### इनका कटा वेतन

सी एम हेल्पलाइन की शिकायतों को अटेंड नहीं करने वाले विभिन्न विभागों के 5 शासकीय कर्मियों का कलेक्टर श्री तिवारी ने एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इन लापरवाह कर्मियों में संबल योजना प्रभारी नगर निगम सनद विश्वकर्मा, पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी डॉ मणि गुप्ता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री द्वय साकेत सुहाने और मोहित तिवारी स्लीमनाबाद शामिल हैं।

#### संकल्प से समाधान

कलेक्टर श्री तिवारी ने संकल्प से समाधान योजना के तहत हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही 16 फरवरी से शुरू होने वाले अभियान के द्वितीय चरण में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन कर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की हिदायत दी। जिले में संकल्प से समाधान अभियान के तहत विभिन्न विभागों की 106 सेवाओं का लाभ आमजन को दिलाया जा रहा है।

कलेक्टर ने मानव अधिकार सहित अन्य आयोगों के पत्रों पर समय पर जवाब देने की हिदायत दी।कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री,पी एम किसान ई-केवाईसी, भू-अभिलेख, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, किसान क्रेडिट कार्ड, पी एम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित आयुष्मान कार्ड बनाने की स्थिति की समीक्षा किया। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में और अधिक गति लाने की हिदायत दी। कलेक्टर ने धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री उज्ज्वला 3.0 योजना के तहत आदिवासी परिवारों की ई-केवाईसी करने और निःशुल्क गैस, चूल्हा व गैस-सिलेण्डर से लाभान्वित कराने के निर्देश जिला आपूर्ति अधिकारी को दिये। कलेक्टर श्री तिवारी ने उपसंचालक कृषि को 'प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना' के तहत सोलर पंप वितरण के लिए चिन्हित 559 किसानों से संपर्क व संवाद कर शीघ्र लाभान्वित करने की हिदायत दी।

## मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेस की जनचौपाल सभा



**मैहर( ब्यूरो )।** जिला कांग्रेस द्वारा सोमवार को मैहर विधानसभा क्षेत्र के अमदरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पथरहटा में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई ने कहा कि मनरेगा देश के ग्रामीण गरीबों और श्रमिक वर्ग के लिए जीवन रेखा के समान है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार की नीतियों के कारण मनरेगा के बजट में कटौती और कार्यों की सीमित उपलब्धता से ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है। श्री घई ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत है और यदि मनरेगा को कमजोर करने के प्रयास बंद नहीं किए गए तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमजद खान ने कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ.साथ पलायन रोकने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष धर्मेश घई, ब्लॉक अध्यक्ष अमजद खान, मुन्ना रमेश प्रजापति, रामाधार चतुर्वेदी, लाखन सिंह, अमृत लाल पटेल, केदार दुबे, संदीप चतुर्वेदी, विनोद साहू, शेख जबरील, दुर्गेश पटेल, सेवालाल यादव एवं सोमदत्त कोरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## चिकित्सा एवं संगीत के क्षेत्र में मैहर के चिकित्सक का सम्मान



**मैहर ( ब्यूरो )।** एकेडमी ऑफपीडिया ट्रिक्स शिशु रोग विशेषज्ञ शाखा सतना द्वारा शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि मैहर के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. के. सी. जैन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में सतना शाखा के अध्यक्ष डॉ. वीके गांधी ने सभी आंगंतुको का स्वागत किया एवं संस्था की स्थापना संबंधी जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन द्वारा एंटीबायोटिक प्रयोग एवं एंटीबायोटिक के खिलाफ कीटाणुओं में बढ़ती हुई प्रतिरोधक क्षमता यानी कि रेजिस्टेंस विषय पर चर्चा की और सभी चिकित्सकों ने एंटीबायोटिक के अनावश्यक प्रयोग पर हो रहे दुष्प्रभाव पर चिंता' व्यक्त की। इसी तरह सर्दी खांसी और जुकाम जैसे संबंधित बीमारियों के विषय पर प्रोफेसर डॉ. आंमडैकर के वीडियो का प्रसारण किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. केसी जैन शिशु रोग विशेषज्ञ के जीवन परिचय एवं शिशु रोग चिकित्सा के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान एवं संगीत कला क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए शाल श्रीफ्ल एवं स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सचिव डॉ राकेश जैन' द्वारा मुख्य अतिथि का परिचय' एवं सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में सभी चिकित्सकों को बच्चों के इलाज में मानवीय संवेदना एवं' अभिभावकों की चिंताओं को ध्यान में देते हुए अपने 50 वर्ष के अनुभवों के बारे में रोचक जानकारियां दी। आभार प्रदर्शन डॉ. सुनील कारकुर द्वारा एवं डॉ. विजेता राजपूत द्वारा कार्यक्रम का कुशल संचालन किया गया। डॉ. प्रभात सिंह एवं डॉ. संजीव प्रजापति को उनके एमपी पेडीकान में बेस्ट पेपर अवार्ड के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सतेंद्र सिंह, डॉ. आरके मिश्रा, डॉ. राकेश अग्रवाल, डॉ. प्रभात सिंह, डॉ. चंदन, डॉ. अमित सिंह, डॉ. संजीव प्रजापति, डॉ. दिलीप चौरसिया, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. सुधांशु गर्ग, डॉ. सुदीप अवधिया, डॉ. पटेल एवं डॉ. रमेश अग्रवाल की उपस्थिति रही।

## सिमरन पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन



**मैहर ( ब्यूरो )।** सिमरन पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम 11वीं के छात्राओं ने शिक्षक एवं अपनी सीनियर्स को तिलक वंदन कर स्वागत किया तदुपरांत स्कूल के डायरेक्टर हरभजन सिंह सरना, प्रिंसिपल रश्मि सरना, असिस्टेंट डायरेक्टर अजीत सिंह सरना, कृति कौर सरना तथा विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात ग्यारहवीं के छात्राओं ने अपने सीनियर्स को उनकी शैली तथा उनके प्रकृति के अनुसार उन्हें टाइटल प्रदान कर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के शिक्षक राज दहायत द्वारा छात्रों के पूर्ण जीवन को उत्कृष्ट बनाने हेतु स्व रचित कविता प्रस्तुत की। इसके बाद कक्षा 12वीं के छात्र छात्राओं के लिए कुछ गेम्स का आयोजन किया गया। विजेता तथा विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। सभी सीनियर्स को गिफ्ट तथा उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया। सीनियर्स को उनके प्रदर्शन आधार पर स्लैशेस भी प्रदान किए गए तथा बच्चों ने अपने स्कूल में बिताए गए समय तथा शिक्षकों के प्रति लगाव का वर्णन किया। अंत में विद्यालय के डायरेक्टर हरभजन सिंह सरना ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन मे अनुशासन सबसे अधिक महत्वपूर्ण है इसलिए सिमरन पब्लिक स्कूल में प्रत्येक विद्यार्थी को एक सैनिक की तरह अनुशासित बनाने प्रयास किया जाता है।

## रोटरी क्लब इंटरनेशनल का मार्गदर्शन सेमीनार विगत दिवस रणथम्बोर राजस्थान मे सम्पन्न हुआ




### महावीर जैन बने सहायक मंडलाध्यक्ष(असिस्टेंट गवर्नर)

**नर्मदापुरम ( ब्यूरो )।** रोटरी क्लब इंटरनेशनल का मार्गदर्शन सेमीनार विगत दिवस रणथम्बोर राजस्थान मे सम्पन्न हुआ। जिसमे रोटरी क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिकट 3040 का आगामी वर्ष 26-27 के लिए गठन किया गया। उक्त सेमीनार मे रोटरी क्लब रॉयल नर्मदापुरम के रोटेरियन महावीर जैन को आगामी मंडलाध्यक्ष संस्कार कोठरी द्वारा सहायक मंडलाध्यक्ष ( असिस्टेंट गवर्नर) नियुक्त करते हुए नियुक्ति पत्र सौपा।ओर उनका सम्मान किया गया। श्री जैन को ये जबाबदारी उनके सामाजिक सेवा कार्यो के देखते हुए सौपी गई। उनका कार्यक्षेत्र नर्मदापुरम, हरदा, इटारसी रहेगा।

उनकी इस उपलब्धि पर रोटरी क्लब नर्मदापुरम रॉयल के अध्यक्ष अनुपम दुबे, सचिव प्रशांत नागर, प्रदीप गिल्ला, विपिन जैन, महेश चौकसे, अमन फौ?दार, दीपेश दिगंबर, संयम जैन, टीटू जैन, आमीन राइन, मुकेश राजपूत सहित सभी सदस्यों द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए महावीर जैन को बधाई देते हुए मंडलाध्यक्ष संस्कार कोठारी जी का आभार व्यक्त किया गया।

उक्त कार्यक्रम मे सम्पूर्ण मध्यप्रदेश ओर अन्य राज्यो के रोटेरियंस मौजूद थे।

## अस्थाई एवं स्थाई अतिक्रमणों पर निगम की कार्यवाही

### गायत्री नगर में बिना अनुमति निर्माण कराई गई बाउंड्रीवाल को हटाया गया



**कटनी ( ब्यूरो )।** नगर के मुख्य मार्गो के किनारे से अस्थाई अतिक्रमण को हटाकर नागरिकों को सुगम एवं व्यवस्थित आवागमन की व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम की अतिक्रमण टीम द्वारा रोजाना नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो एवं बाजार क्षेत्रों में अभियान चलाकर अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। वहीं सार्वजनिक मार्गो में स्थाई अतिक्रमण, बिना अनुमति निर्माण कार्य के प्रकरणों पर भी कार्यवाही करते हुए नागरिकों को सुगम आवागमन व्यवस्था मुहैया कराई जा रही है।

अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि गठित टीम द्वारा सोमवार को नगर के सुभाष चौक से अहिंसा तिराहा, थाना कोतवाली से स्टेट बैंक तिराहा एवं लक्ष्मी बाई चौक, थाना तिराहा से मिशन चौक तथा मिशन चैक से चांडक चौक होते हुए नदी पार बस स्टैंड तक मुख्य मार्ग में अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य मार्गो के किनारे अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण कर यातायात को बाधित करने वाले सब्जी, फल विक्रेता एवं हाथ ठेला संचालक सहित अन्य फुटकर दुकानदारों को व्यवस्थित किया गया। कार्यवाही के दौरान व्यापारियों से निर्धारित स्थल से ही दुकानों का संचालन करनें और सड़क को बाधित न करनें की अपील की जाकर सब्जी एवं फल ठेला संचालकों को हाकर्स जोन भेजा गया। वहीं दूसरी ओर कार्यवाही के दौरान सहयोग नहीं करने वालों अव्यवस्थित ठेलों तथा कोतवाली थाने के बाहर रखे हुए खाली ठेलों की जब्ती की कार्यवाही की गई।

नागरिकों द्वारा नगर की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण के कारण रोजाना घंटों जाम लगता था। अब सड़क अतिक्रमणमुक्त होने से आवागमन आसान हो गया है। लोगों ने यह कार्रवाई नियमित रूप से किये जानें की मांग की है ताकि सार्वजनिक मार्गो में अतिक्रमण न हो और नागरिकों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सके।

#### बिना अनुमति बाउंड्री वाल को हटाया गया

निगम प्रशासन की गठित टीम द्वारा अस्थाई स्थाई अतिक्रमणों के प्रकरणों पर भी गंभीरता पूर्वक कार्यवाही की जाकर नगारिकों को सुगम आवागमन मुहैया कराने के प्रयास किये जा रहे है। इसी श्रृंखला में सोमवार को अंबेडकर वार्ड स्थित गायत्री नगर के सार्वजनिक मार्ग में बिना अनुमति किये गए बाउंड्रीवाल निर्माण को नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन के नेतृत्व में हटाया गया। बाउंड्रीवाल हटने से गायत्री नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुधरने के साथ-साथ लोगों को सुरक्षित और सुगम मार्ग उपलब्ध हुआ है।

## आवारा कुत्तों को लेकर नपा अलर्ट, बैनर्स पोस्टर के माध्यम से नागरिकों को किया जा रहा जागरूक

**नर्मदापुरम ( ब्यूरो )।** शासन के निर्देश अनुसार नगर के आवारा कुत्तों को लेकर नगरपालिका अलर्ट मोड में आ गई है। आवारा कुत्तों से नागरिकों को बचाने के लिए नगर में युद्धस्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। चौक चौराहों पर बैनर्स पोस्टर लगाए गए हैं। साथ ही आवारा कुत्तों के काटने से बचाने के लिए नागरिकों को सावधान किया जा रहा है। स्कूल के आसपास पंपलेट चिपकाए गए हैं।

स्वच्छता प्रभारी उपयंत्री दीक्षा तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर समूचे नगर में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी नोडल अधिकारी हैं। टीम में राजस्व शाखा के साथ ही सुरवाईजर्स भी शामिल किए गए हैं। जो वार्ड के नागरिकों को आवारा कुत्तों के कटाने से बचाने के लिए जागरूकता अभियान चला रहा हैं। साथ ही जनजागरूकता हेतु नगर के चौक चौराहों पर बैनर्स, पोस्टर लगाए गए हैं। साथ ही सुपरवाइजर्स द्वारा वार्डों में जाकर आवारा कुत्तों से सतर्क रहने की हिदायत दी जा रही है। नगरपालिका द्वारा डाग कैचर वाहन भी तैयार किए गए हैं।

#### टीम का गठन किया है

शासन के निर्देश पर जनजागरूकता अभियान के लिए नगरपालिका द्वारा एक टीम का गठन किया गया है। जिसमें स्वच्छता निरीक्षक, राजस्व शाखा और सुपरवाइजर्स शामिल हैं जो लगातार गली मोहल्लों और वार्डों में जाकर नागरिकों को सावधान कर रहे हैं। डाग केचिंग के लिए वाहन भी बनवाए गए हैं।

## हाउसिंग बोर्ड की जमीन पर भू-माफिया का कब्जा

### प्रशासन मौन, स्थानीय नागरिकों ने की कार्रवाई की मांग



**कटनी ( ब्यूरो )।** शहर में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। ताजा मामला मदन मोहन चौबे वार्ड अंतर्गत धाऊ चक्की कब्रिस्तान रोड स्थित हाउसिंग बोर्ड की भूमि से जुड़ा है, जहां भू माफियाओं द्वारा धड़ल्ले से अवैध कब्जा किए जाने का आरोप स्थानीय लोगों ने लगाया है। सूत्रों के अनुसार संबंधित भूमि हाउसिंग बोर्ड की बताई जा रही है, जिसे पूर्व में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चिन्हित किया गया था। आरोप है कि रसूखदार भू माफियाओं ने इस शासकीय भूमि को अपनी बताकर चारों ओर सीमेंट की बाउंड्री वॉल खड़ी कर कब्ज़ा कर लिया है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में कई स्थानों पर अवैध निर्माण तेजी से किया जा रहा है, जिससे शासकीय भूमि का अस्तित्व ही खतरे में पड़ता दिखाई दे रहा है। लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले समय में इस इलाके में शासकीय भूमि ढूंढना मुश्किल हो जाएगा। सूत्रों का यह भी कहना है कि अवैध कब्ज़े को लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध दर्ज कराया, लेकिन इसके बावजूद अब तक किसी प्रकार की ठोस प्रशासनिक कार्रवाई सामने नहीं आई है। हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस पूरे मामले से अनजान बने हुए हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में कब तक संज्ञान लेकर कार्रवाई करता है, या फिर भू- माफियाओं के हौसले इसी तरह बुलंद बने रहेंगे।

